मध्य प्रदेश में रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए योजनाएं

176. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए क्रियान्वित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) इस संबंध में सरकार के विचाराधीन प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) आधुनिकीकरण से संबंधित चालू निर्माण कार्य निम्नलिखित हैं :--

(आंकड़े लाख रुपयों में)

स्टेशन और कार्य का ब्यौरा	अनुमानित लागत	1990-91 के लिए परिव्यय
1	2	3	4
1	रायपुर-स्टेशन की इमारत मे सुधार . . .	30.75	16.10
2.	दुर्ग-स्टेशन की इमारत मे सुधार . . .	18.17	6.17
3.	बिलासपुर-स्टेशन की इमारत के ढाचे में परिवर्तन .	45.43	5.00
4.	उज्जैन-सिंहस्था मेले के संबंध मे नई स्टेशन इमारत और अन्य सुविधाए	39.02	0.50
5.	मकसी-स्टेशन का सौंदर्यवर्धन . . .	3.71	3.45
6.	नागदा-स्टेशन का सौंदर्यवर्धन . . .	4.89	2.72
7.	शामगढ़-स्टेशन का सौंदर्यवर्धन . . .	4.27	0.97
8.	ग्वालियर-स्टेशन का सौंदर्यवर्धन और विस्तार .	109.07	49.8
9.	मिटोनी-स्टेशन की नयी इमारत का सौंदर्यवर्धन और विस्तार	5.00	1.00
10.	गाडरवाडा-स्टेशन की इमारत में सुधार . .	8.45	1.00
11.	मदन महल-स्टेशन की इमारत मे सुधार . .	4.64	1.00
12.	हरदा-स्टेशन का सुधार	8.90	5.90
13.	बेतूल-स्टेशन का सुधार	4.68	2.68
14	बानापुरा-स्टेशन का सुधार . . .	15.90	3.00
15.	मुलताई-स्टेशन की मौजूदा इमारत मे परिवर्धन और परिवर्तन	7.45	2.00
16.	हबीबगंज-नया कोचिंग टर्मिनल . . .	1276.00	100.00

1	2	3	4
17.	इंदौर-यात्री और माल टर्मिनल . . .	371.00	74 00
18	बिलासपुर-कोचिंग टर्मिनल सुविधाओं मे वृद्धि	152.00	58.43
19.	करगी रोड-प्लेटफार्मों का विस्तार/ऊंचा करना .	13.88	2.00
	धमतरी-प्लेटफार्मों का विस्तार/ऊंचा करना . .	3.29	0.57
21.	पेंडरा रोड-प्लेटफार्मों का विस्तार . .	7.19	1.00
22.	उ करा और देवबलबंद चरौडा-यात्री प्लेटफार्मों की व्यवस्था	3.78	2.00
23.	बेलगहना-निचली सतह के प्लेटफार्मों की व्यवस्था .	4.65	3.00
24.	खिरकिया-मौजदा प्लेटफार्म का ऊपरी सतह तक चौड़ा और ऊचा करना	9.00	1 00
25.	बानापुरा-ऊपरी सतह के.प्लेटफार्म की व्यवस्था .	4.00	1.00
26.	सालीचौका रोड-पटरी सतह के प्लेटफाम को मध्यम सतह तक ऊंचा करना	3 00	0.92
27.	गणेशगंज-प्लेटफार्म को ऊंचा करना . .	3 41	1.00
28.	रतलाम-प्लेटफार्म का निर्माण . . .	9 41	4 91
29.	नागदा-प्लेटफार्म का विस्तार . . .	8.63	4 12
30.	बोलाई-प्लेटफार्म को उपरी सतह तक ऊचा करना . .	7.82	2 00
31.	अकोदिया-यात्री प्लेटफार्म को ऊचा करना . .	5.87	2.02
32.	काल पीपल-यात्री प्लेटफार्म को ऊचा करना . .	3.38	0.54
33.	शामगढ़-प्लेटफार्म का विस्त र . . .	6.84	3.50
34.	देवास-प्लेटफार्म सं० 2 आदि को ऊचा करना .	7.24	1.24
35.	बड़नगर-मुख्य प्लेटफार्म आदि का विस्तार . . .	8.91	1.26
36.	विक्रमगढ़ आलोट-निचली सतह के प्लेटफार्म को ऊची सतह वाला बनाना	5.32	2.42
37.	सुवासड़ा-निचली सतह के प्लेटफार्म को ऊंची सतह वाला बनाना	4.96	1.56
	जोड़ . .	2229.91	369.80

1990-91 के दौरान पिरवमरोड, बेडछा, बकानिया, भौनरी, फोंड, सिटोर, बख्त, जबडी, कालापीपल, मोहम्मद खेडा, अकोदिया, बोलाई, कालीसिंध, रावटी, बजरंगगढ़ और उज्जैन स्टेशनों को विभिन्न अन्य योजनाओं में शामिल किया गया है।

(ख) 1991-92 के दौरान शुरू किए जाने वाले प्रस्तावित कार्य इस प्रकार हैं :--

1. अनूपपुर- स्टेशन की पुरानी इमारत का बदलाव
2. चंपा-- स्टेशन की इमारत में परिवर्धन और परिवर्तन
3. रायगढ़-- स्टेशन की इमारत के ढांचे मे परिवर्तन
4. सतना-- स्टेशन की इमारत के ढाचे में परिवर्तन
5. गंजबासोदा-- स्टेशन की इमारत का सौंदर्यवर्धन
6. इटारसी-- स्टेशन की इमारत में सुधार
7. घोड़ाडोंगरी प्लेटफार्म का विस्तार
8. खंडवा-- प्लेटफार्म का विस्तार

1991-92 में रेलों के निर्माण कार्यों में शामिल किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यों की यह एक अनंतिम सूची है, बशर्ते कि धनराशि उपलब्ध हो।

इन्दौर रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त रेल डिब्बे जोड़े जाने का प्रस्ताव

177. **श्री अजीत जोगी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इन्दौर से चलने वाली सभी रेल गाड़ियां अपनी पूर्ण क्षमता से चल रही हैं ; और

(ख) यदि हा, तो क्या इन्दौर और बिलासपुर के बीच चलने वाली 8233/8234 नर्मदा एक्सप्रेस रेलगाड़ी मे भोपाल के स्थान पर इन्दौर स्टेशन पर अतिरिक्त रेल डिब्बे जोड़ने का कोई प्रस्ताव है ?

रेल मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) जी नहीं।

(ख) फिलहाल नहीं।

बिना टिकट यात्रियों की संख्या

178. **श्री अजीत जोगी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान बिना टिकट सफर करने वाले यात्रियो के विरुद्ध जोन-वार कितने-कितने मामले दर्ज किए गए, और

(ख) रेलो में बिना टिकट यात्रा को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ?

रेल मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) सूचना नीचे दी गयी है--